प्रेस विज्ञप्ति

इरेडा को गिफ्ट सिटी में सहायक कंपनी स्थापित करने के लिए आरबीआई की मंजूरी मिली

इरेडा वैश्विक मौजूदगी के लिए तैयार : सीएमडी

नई दिल्ली, 8 फरवरी,

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) को आज गुजरात के गिफ्ट सिटी में स्थित अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) में अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी स्थापित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से मंजूरी (अनापत्ति पत्र) प्राप्त हुई।

गिफ्ट सिटी में इरेडा की मौजूदगी हरित वित्तपोषण के लिए नवीन समाधानों को आगे बढ़ाने के अपने मिशन के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। यह सहायक कंपनी न केवल इरेडा के लिए अपने वैश्विक फूटप्रिंट्स छोड़ने का मार्ग प्रशस्त करेगी, बल्कि भारत सरकार के महत्वाकांक्षी 'पंचामृत' लक्ष्यों के अनुरूप, नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिस्पर्धी फंडिंग हासिल करने के लिए एक ऑफशोर फ्लैटफॉर्म के रूप में भी काम करेगी।

नए व्यावसायिक अवसरों और वैश्विक भागीदारी की संभावनाओं के बारे में प्रकाश डालते हुए, इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक(सीएमडी), श्री प्रदीप कुमार दास ने कहा कि, "आईएफएससी में इरेडा के प्रवेश से नए व्यावसायिक अवसर खुलने और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के लिए इरेडा की वैश्विक मौजूदगी स्थापित होने की उम्मीद है । यह रणनीतिक कदम घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों ही स्तर पर, नवीकरणीय ऊर्जा निवेश के माध्यम से सतत विकास को सुविधाजनक बनाने के हमारे विजन के अनुरूप है। आईएफएससी में इरेडा की मौजूदगी से, हम नवोन्वेषी वित्तपोषण विकल्पों तक पहुंच में बढ़ोतरी और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के साथ सहयोग में वृद्धि की आशा कर सकते हैं, जोकि भारत और इसके बाहर नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के विकास में योगदान देगा।''

इरेडा का आईएफएससी गिफ्ट सिटी में विस्तार न केवल वैश्विक बाजार में अपनी स्थिति स्थापित करता है बल्कि सतत विकास के लिए भारत की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है।